हरिभूमि
# महासमुंद भूमि
रायपुर, बुधवार 3 जून 2026

तापमान
अधिकतम 38.2 डिग्री
न्यूनतम 29.6 डिग्री

12 'बच्चों का बेहतर अकादमिक प्रदर्शन ...



12 बिजली कटौती के संबंध में पूर्व सूचना जारी करे...






## खबर संक्षेप



### महिला के साथ चार लोगों ने की मारपीट

**महासमुंद।** सरायपाली में एक महिला के साथ मारपीट के मामले में चार आरोपियों के विरूद्ध मामला दर्ज किया गया है। भट्टीपारा निवासी रीता श्रीवास ने सरायपाली थाने में रिपोर्ट लिखाई है कि 01 जून को वहशादी करने की बात को लेकर सूरज यादव के घर गई थी, करीबन 10 बजे वह सूरज यादव के साथ बातचीत कर रही थी, तभी सूरज यादव, उसकी मां दिवाली यादव, बनीता यादव व अन्य महिला ने एक राय होकर गालियां देते हुए मारपीट की। मामले की सूचना पर आरोपियों के विरूद्ध धारा 115(2), 296-, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

### महुआ शराब बरामद

**महासमुंद।** बसना पुलिस ने ग्राम तोषगांव के तालाब के किनारे से एक व्यक्ति के कब्जे से महुआ शराब बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबीर की सूचना पर आरोपी कुंजराम अजगला पिता फिरंगी अजगला (47 साल) तोषगांव के कब्जे से एक 25 लीटर के नीला रंग के डिब्बे करीब 21 लीटर महुआ शराब कीमत 4200 रुपए को जब्त कर आरोपी के खिलाफ अपराध धारा 34(2) आबकारी एक्ट की कार्रवाई की गई।

### एक्सीडेंट में बाइक सवार दो लोग घायल

**महासमुंद।** एनएच 53 पिरदा मोड़ के पास एक्सीडेंट में एक बाइक में सवार दो लोग घायल हो गए। मामले की रिपोर्ट पर तुमगांव थाने में आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज किया गया है। पुलिस को वार्ड नं 10 ग्राम बरभाठा निवासी ललित राय ने बताया कि 1 जून को वह अपनी बुआ के घर भोरिंग से अपने गांव बरभाठा बाइक से जा रहा था। बाइक में उसकी मां विमला बाई और बहन धान बाई बैठी थी। सुबह लगभग 08.30 बजे पिरदा मोड़ से करीबन 500 मीटर आगे उसके पीए आ रहै बाइक क्र. सीजी 06 एचसी 2738 के चालक ने तेज लापरवाही पूर्वक चलाकर उसके मोटर सायकल को पीछे से में ठोकर मारकर एक्सीडेंट कर दिया, जिससे वे तीनों गिर गए। घटना में प्रार्थी के दाहिने आंख के नीचे व दाहिने मस्तक में, दोनो पैरों के घुटनों में, बाए हाथ के पंजा, कोहनी और दाहिने कंधे में चोट लगी। वहीं उसकी मां के कमर और हाथ में चोट लगी। मामले की रिपोर्ट पर आरोपी वाहन चालक के विरूद्ध धारा 125(ए), 281 बीएनएस के तहत जुर्म दर्ज किया गया है।

# राजस्व अफसरों की हड़ताल से कामकाज प्रभावित, बैरंग लौट रहे लोग

## तहसीलदार-नायब तहसीलदारों की हड़ताल जारी, राजस्व न्यायालयों में सुनवाई प्रभावित

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

सरगुजा जिले के मैनपाट स्थित राजापुर उप तहसील में राजस्व विभाग के अफसर पर जनप्रतिनिधि द्वारा की गई कथित मारपीट मामले के बाद प्रदेश सहित जिले के तहसलीलदार और नायब तहसीलदार सोमवार से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर हैं। हड़ताल के दूसरे दिन यहां भी राजस्व विभाग में इसका व्यापक असर देखा गया और कामकाज प्रभावित रहे।

तहसीलदार और नायब तहसीलदारों की अनिश्चितकालीन हड़ताल से मंगलवार को दूसरे दिन जिले की सभी तहसीलों एवं उप तहसीलों में राजस्व संबंधी कार्य पूरी तरह से प्रभावित रहा। तहसील कार्यालयों में रोज की तरह बड़ी संख्या में लोग अपने कार्यों के लिए पहुंचे, लेकिन, अधिकारियों की कुर्सियां खाली मिली और उन्हें मायूस होकर लौटना पड़ा।

महासमुंद तहसीलदार जुगलकिशोर पटेल ने बताया कि जिले के लगभग 16 तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार रायपुर के तूता में आयोजित विरोध प्रदर्शन में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि संघ की मांग है कि आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए और गिरफ्तारी होने तक हड़ताल जारी रहेगी। इधर, राजस्व अधिकारियों की हड़ताल से न्यायिक कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।



### जनता की बढ़ी परेशानी

मालूम हो कि जिले के राजस्व न्यायालयों में पहले से ही हजारों राजस्व मामले लंबित हैं। ऐसे में अगर हड़ताल की लंबी चली तो सुनवाई की प्रक्रिया प्रभावित होगी। हड़ताल का सबसे अधिक असर नागरिकों पर पड़ रहा है। आय, जाति और निवास प्रमाण पत्र जैसे आवश्यक दस्तावेजों के लिए लोग कार्यालयों के चक्कर लगाने मजबूर हैं। 16 जून से स्कूल शुरू हो रहे हैं ऐसे में बच्चों के दाखिले के लिए आय व जाति प्रमाण पत्र जरूरी है। हड़ताल के कारण प्रमाण पत्र जारी नहीं हो पा रहे हैं, जिससे अभिभावकों की चिंता बढ़ गई है।

## क्राइम : हत्या करने के बाद शव को चादर में लपेटकर बोर से बांधा

# शाम को अज्ञात के कॉल पर निकले युवक की सुबह बाड़ी में मिली लाश

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

अज्ञात के फोन आने के बाद ग्राम चनाट जाने के लिए निकले युवक का शव गांव के ही एक अन्य किसान की बाड़ी में स्थित बोरवेल में चादर में बंधा मिला। मामला जिले के बसना थाना क्षेत्र के भंवरपुर चौकी अंतर्गत ग्राम झाउरडेला का है। मृतक की पहचान स्थानीय निवासी 30 वर्षीय मोंगरे भोई के रूप में हुई है। पुलिस इसे प्रथम दृष्टया हत्या का मामला मानकर जांच कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार अनुसार, मोंगरे भोई अपने पड़ोसी रामेश्वर पटेल के यहां मजदूरी का काम करता था। परिजनों ने बताया कि सोमवार शाम को किसी व्यक्ति का फोन आया। जिसके बाद मोंगरे अपनी पत्नी से ग्राम चनाट जाने की बात कहकर घर से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा। मंगलवार सुबह उसका शव रविशंकर पटेल की बाड़ी में स्थित बोरवेल के पास पाया गया। जिसके बाद ग्रामीणों ने इसकी सूचना पुलिस को दी। पुलिस टीम मौके पर पहुंची और घटनास्थल का निरीक्षण किया।

अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक प्रतिभा पांडेय ने बताया कि मृतक के सिर के पिछले हिस्से पर चोट के निशान मिले हैं। शव अर्धनग्न अवस्था में था और उसका सिर एक चादर से लपेटकर बोरवेल के पाइप से बांधा हुआ पाया गया। घटनास्थल की स्थिति को देखकर पुलिस इसे हत्या का मामला मान कर जांच कर रही है।

**खास बातें**

- मोंगरे भोई ने अपनी पत्नी से ग्राम चनाट जाने की बात कहकर घर से निकला, लेकिन वापस नहीं लौटा



### फॉरेंसिक टीम ने जुटाए साक्ष्य

मामले की गंभीरता को देखते हुए फोरेंसिक टीम को भी मौके पर बुलाया गया, जिन्होंने घटनास्थल से साक्ष्य जुटाए हैं। पुलिस अब इस बात की जांच कर रही है कि सोमवार शाम मोंगरे को किसका फोन आया और वह किन परिस्थितियों में वहां तक पहुंचा। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट और फोरेंसिक जांच के बाद ही मौत के सही कारणों का पता चल पाएगा।

# दो प्रकरण में 14 किलो से ज्यादा गांजा जब्त, तीन गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

दो अलग-अलग मामलों में पुलिस ने गांजा का अवैध परिवहन कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स और जिला पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 14 किलो से ज्यादा का गांजा बरामद किया गया। पुलिस ने बताया कि एंटी नारकोटिक टास्क फोर्स द्वारा अवैध मादक पदार्थ गांजा की तस्करी, परिवहन तथा बिक्री एवं इंड टू इंड इन्वेस्टिगेशन, फा य ने शि य ल इन्वेस्टिगेशन पर प्रभावी एवं विधिवत कार्रवाई करने हेतु निर्देश प्राप्त हुआ है। जिसके परिपालन में जिले में पुलिस के द्वारा लगातार चेकिंग कार्रवाई की जा रही है।




इसी बीच बागबाहरा पुलिस को मुखबिर से सूचना मिलने पर नेशनल हाईवे 353 पर नाकाबंदी कर एक बाइक को रोका गया, जिसमें दो लोग सवार थे। जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम प्रेम कुमार साहू पिता संतोष साहू (32 साल) वार्ड नं 14 बोड़ला थाना बोड़ला जिला कबीरधाम और आसिम खान पिता जलील खान (26 साल) गंडई खुर्द थाना पांडा तराई जिला कबीरधाम बताया। आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 9.900 किग्रा मादक पदार्थ गांजा कीमत 5,00,000 रुपए, मोटर सायकल सीजी 09 जेएस 3340 अनुमानित कीमत 70,000 रूपये एवं 02 नग मोबाइल फोन अनुमानित कीमत 10,000 रुपए को जब्त किया गया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 20(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।


दूसरे मामले में कोमाखान पुलिस ने ग्राम सुवरमाल तिराहा एनएच 353 में वाहनों की जांच के दौरान एक बाइक चालक के कब्जे से 4.700 किग्रा गांजा कीमत 2,35,000 रुपए को बरामद किया है। मामले में आरोपी संजय कुमार यादव पिता इंद्रो यादव (22 साल) निवासी वार्ड 09 टेडेसरा थाना सोमनी जिला राजनांदगांव को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ धारा 20(बी)(II)(बी) एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्रवाई की गई।

# भुरकोनी-तुपकबोरा मार्ग की बदहाली, ग्रामीणों ने जनदर्शन में लगाई डामरीकरण की गुहार

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- यह मार्ग वर्तमान में अत्यंत खराब, सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन करना बहुत मुश्किल

जिले के पिथौरा विकासखंड अंतर्गत ग्राम चौकबेड़ा के ग्रामीण ने कलेक्टर जनदर्शन में एक ज्ञापन सौंपकर सड़क निर्माण की मांग की है। ग्रामीणों ने भुरकोनी से चौकबेड़ा, छुईहा होते हुए तुपकबोरा मार्ग के डामरीकरण को लेकर गुहार लगाई है। ग्रामीणों ने बताया कि यह मार्ग वर्तमान में अत्यंत खराब स्थिति में है। सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो गए हैं, जिससे आवागमन करना बहुत मुश्किल हो गया है। सबसे अधिक परेशानी स्कूली छात्र-छात्राओं को हो रही है।



चौकबेड़ा से भुरकोनी तक विद्यार्थी कक्षा पहली से बारहवीं तक की पढ़ाई करने के लिए इसी मार्ग से होकर गुजरते हैं। जर्जर सड़क और गड्ढों के कारण आए दिन दुर्घटनाओं का डर बना रहता है। ग्रामीणों ने शिकायत पत्र में एक घटना का जिक्र करते हुए बताया कि पिछले वर्ष इसी मार्ग पर एक छात्रा की ट्रैक्टर-ट्रॉली की चपेट में आने से मृत्यु हो गई थी। सड़क की खराब स्थिति के कारण ही यह मार्ग सुरक्षित नहीं रह गया है। इसके अलावा, कच्ची सड़क होने के कारण बरसात के दिनों में यहां चलना नामुमकिन हो जाता है। ग्रामीण का कहना है कि यदि इस मार्ग का डामरीकरण कर दिया जाए, तो यह कोमाखान और छुरा होते हुए गरियाबंद जाने के लिए एक सीधा और सुगम मार्ग बन जाएगा। इससे ग्रामीणों को यातायात में बड़ी सुविधा होगी और समय की भी बचत होगी। कलेक्टर जनदर्शन में आवेदन देते समय गैंदराम, नंदूराम और शशिकुमार ठाकुर उपस्थित थे। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन से मांग की है कि जनहित को ध्यान में रखते हुए इस सड़क का शीघ्र डामरीकरण कराया जाए ताकि क्षेत्रवासियों को आवाजाही की समस्या से मुक्ति मिल सके और भविष्य में कोई बड़ी दुर्घटना न हो।

# नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड 12 और 13 के निवासियों ने कलेक्टर से की निर्माण कार्यों की जांच की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

नगर पंचायत तुमगांव के वार्ड क्रमांक 12 और 13 के लगभग 50 से 60 नागरिक नगर पंचायत अध्यक्ष बलरामकांत साहू के नेतृत्व में मंगलवार को जिला कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उन्होंने जनदर्शन में कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर वार्ड में चल रहे अधूरे निर्माण कार्यों को पूरा करने के लिए बुलाई गई निविदा को तत्काल निरस्त करने और पूर्व में हुए निर्माण कार्यों की उच्च स्तरीय जांच की मांग की।



वार्डवासियों का आरोप है कि वार्ड क्रमांक 12 और 13 में सीसी रोड और नाली निर्माण के लिए जो निविदा निकाली गई है, वह गलत है। ग्रामीणों का तर्क है कि जिस स्थान पर यह निर्माण कार्य प्रस्तावित है, वह 'बड़े झाड़ का जंगल' क्षेत्र है। ऐसे में यहां निर्माण कार्य करना नियमों के विरुद्ध है। ज्ञापन में वार्डवासियों ने गंभीर आरोप लगाते हुए बताया कि बीते कार्यकाल में लगभग 2 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से सीसी रोड, डोम शेड और नाली निर्माण का कार्य करवाया गया था। आरोप है कि उस समय भी कार्य आधा-अधूरा छोड़ दिया गया और अब उसी अधूरे काम को पूरा करने के नाम पर दोबारा निविदा निकाली गई है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि यदि यह क्षेत्र बड़े झाड़ के जंगल का है, तो पूर्व में निर्माण कार्य क्यों शुरू किया गया और तब इसे क्यों नहीं रोका गया?

### टैक्स भुगतान रोकने की चेतावनी

ज्ञापन के माध्यम से आक्रोशित नागरिकों ने प्रशासन को चेतावनी दी है कि यदि वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का अभाव बना रहता है और अधूरा निर्माण कार्य पूरा नहीं किया जाता है, तो वार्डवासी भविष्य में मकान टैक्स, नल टैक्स और अन्य किसी भी प्रकार के कर का भुगतान नहीं करेंगे। इसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन और प्रशासन की होगी। कलेक्टर को ज्ञापन सौंपते समय वार्ड 12 और 13 के बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित थे, जिन्होंने अपनी समस्याओं के जल्द निराकरण की गुहार लगाई है।

## कलेक्टर जनदर्शन में सौंपा ज्ञापन, सुशासन तिहार में भी लगाई गुहार

# चारभांठा की महिलाओं ने उठाई पानी और रोजगार की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

जिले के सरायपाली विकासखंड अंतर्गत ग्राम पंचायत चारभांठा के निवासियों ने स्थानीय समस्याओं के त्वरित निराकरण के लिए अपनी आवाज बुलंद की है। ग्राम पंचायत की महिलाओं, विशेष रूप से गुलाबी गैंग की सदस्यों ने प्रशासन के समक्ष उपस्थित होकर पीने के पानी की किल्लत और रोजगार न मिलने की समस्या से अवगत कराया है।

ग्रामीणों ने बताया कि ग्राम पंचायत चारभांठा के डीपापारा क्षेत्र में पिछले काफी समय से भीषण जल संकट बना हुआ है। वर्तमान में स्थिति यह है कि 400 फीट तक बोर करने के बाद भी पानी उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। क्षेत्र की महिलाओं का कहना है कि सुशासन कार्यक्रम के दौरान उन्हें जल समस्या के समाधान का आश्वासन दिया गया था, लेकिन धरातल पर अब तक कोई ठोस कार्य नहीं हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि उच्च क्षमता वाली मशीनों (बड़ी गाड़ियों) के माध्यम से बोर उत्खनन करवाया जाए, ताकि पेयजल की विकराल समस्या से मुक्ति मिल सके।



### रोजगार से वंचित अनुसूचित जाति परिवार

पानी की समस्या के साथ-साथ, क्षेत्र के अनुसूचित जाति (घसिया समाज) के परिवारों ने काम न मिलने की शिकायत भी की है। आवेदकों का आरोप है कि पिछले 10 वर्षों से महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी योजना (मनरेगा) और वन विभाग द्वारा किए जाने वाले मिट्टी कार्यों में उन्हें शामिल नहीं किया जा रहा है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि वे शारीरिक श्रम करने में सक्षम हैं, लेकिन उन्हें काम पर नहीं रखा जा रहा है, जिससे उनकी आर्थिक स्थिति पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है।

### नशा मुक्ति अभियान में सक्रिय हैं महिलाएं

ग्राम पंचायत की महिलाएं वर्तमान में सामाजिक कार्यों में भी सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। महिला विकास कल्याण संस्थान के अंतर्गत गुलाबी गैंग का गठन कर ये महिलाएं क्षेत्र में नशा मुक्ति अभियान चला रही हैं। इनके प्रयासों से क्षेत्र में अवैध मादक पदार्थों की बिक्री पर काफी हद तक रोक लगी है। महिलाओं ने जिला प्रशासन से अपेक्षा की है कि जनदर्शन कार्यक्रम के माध्यम से उनकी इन दो प्रमुख मांगों, पेयजल की स्थायी व्यवस्था और रोजगार गारंटी योजना के तहत काम दिलाने पर तत्काल प्रभाव से विचार किया जाए और आवश्यक निर्देश जारी किए जाएं ताकि गरीब परिवारों को राहत मिल सके।

# नपाध्यक्ष के प्रयासों से 1.27 करोड़ रुपए के विकास कार्यों को मिली स्वीकृति

हरिभूमि न्यूज ⏭ महासमुंद

- 30 वार्डों में खराब व क्षतिग्रस्त सड़कों का होगा मरम्मत

नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू के सतत प्रयासों से महासमुंद नगर के विकास को नई गति मिली है। अध्यक्ष के दूरदर्शी नेतृत्व एवं अथक प्रयास से नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग, छत्तीसगढ़ शासन द्वारा नगर के विभिन्न विकास कार्यों के लिए 1 करोड़ 27 लाख 85 हजार रुपए की प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृत राशि में से लगभग 87 लाख रुपए से शहर के 30 वार्डों में खराब एवं क्षतिग्रस्त डामर सड़कों की मरम्मत किया जाएगा। शहर के विभिन्न वार्डों की सड़कें अत्यंत जीर्ण शीर्ण अवस्था में है। इन सड़को की मरम्मत होने से स्थानीय निवासियों को आवागमन में सुविधा होगी। इसके अतिरिक्त स्कूलों को सौंदर्यीकरण करने की दिशा में अध्यक्ष साहू का प्रयास रंग लाया है। लगभग 40 लाख रुपए से शासकीय विद्यालय नयापारा, अंबेडकर स्कूल एवं राम पाठशाला के सौंदर्यीकरण के लिए पेवर ब्लॉक निर्माण तथा विभिन्न वार्डों में सीसी रोड एवं आरसीसी नाली का निर्माण कराया जाएगा। उक्त स्वीकृति पर नगर पालिका अध्यक्ष निखिलकांत साहू ने कहा कि नगरवासियों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना उनकी सर्वोच्च प्राथमिकता है। इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से सड़क, शिक्षा एवं आधारभूत सुविधाओं के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार होगा तथा नागरिकों को प्रत्यक्ष लाभ प्राप्त होगा।



खबर संक्षेप



## दहशत का अंधेरा हटा तो गोगुण्डा के ग्रामीणों को मिली स्वास्थ्य की रोशनी

**रायपुर।** सुकमा जिला प्रशासन और स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त प्रयास से सुकमा जिले के सुदूर और नक्सल प्रभावित रहे गोगुण्डा गांव में उम्मीद का एक नया सवेरा हुआ है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व और स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल के मार्गदर्शन में जिला चिकित्सालय सुकमा ने स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक और बड़ी उपलब्धि हासिल की है। गोगुण्डा के 10 मोतियाबिंद मरीजों का सफल ऑपरेशन किया गया। स्वास्थ्य विभाग की टीमें खुद दुर्गम गांवों में पहुंचकर घर-घर सर्वे कर रही हैं और मोतियाबिंद के मरीजों की पहचान कर रही हैं। इसके बाद, मरीजों को पूरे सम्मान के साथ विशेष वाहनों से जिला चिकित्सालय लाया जाता है, जहाँ विशेषज्ञ डॉक्टरों की देखरेख में उनका निःशुल्क इलाज होता है। ऑपरेशन के बाद भी मरीजों को डॉक्टरों की सख्त निगरानी में रखा जाता है और पूरी तरह स्वस्थ होने पर रविवार को उन्हें सकुशल उनके घरों तक वापस पहुँचाया गया। स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल ने कहा है कि कभी विकास की मुख्यधारा से कटे इन सुदूर ग्रामीण अंचलों में स्वास्थ्य सेवाओं का यह विस्तार सुकमा की बदलती तस्वीर को बयां करता है। नक्सल गतिविधियों में आई भारी कमी के बाद, अब शासन की कल्याणकारी योजनाएं और बुनियादी स्वास्थ्य सुविधाएं सीधे गांव-गांव तक बिना किसी बाधा के पहुँच रही हैं।

## प्रोजेक्ट दधीचि को सम्मान, लोगों ने लिया अंगदान का संकल्प



**रायपुर।** लोकभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल रमेन डेका ने जिला प्रशासन की अभिनव पहल 'प्रोजेक्ट दधीचि' के लिए कलेक्टर डॉ. गौरव सिंह को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। यह सम्मान उन्हें अंगदान एवं देहदान के प्रति समाज में जागरूकता बढ़ाने तथा अधिक से अधिक लोगों को इस पुनीत कार्य के लिए प्रेरित करने के उल्लेखनीय प्रयासों के लिए प्रदान किया गया। इस अवसर पर प्रोजेक्ट दधीचि के अंतर्गत अंगदान और देहदान का संकल्प लेने वाले रायपुर शहर के ब्लाक मेडिकल ऑफिसर डा. पंकज किशोर सहित अन्य लोगों को सम्मानित किया। इस दौरान राज्यपाल डेका ने कहा कि "अंगदान महादान है। इसके माध्यम से किसी व्यक्ति को नया जीवन दिया जा सकता है। इस पहल के तहत अब तक 86 व्यक्तियों ने अंगदान एवं देहदान के लिए सहमति प्रदान की है, जिनमें 65 व्यक्तियों ने पूर्ण देहदान तथा 21 व्यक्तियों ने अंगदान का संकल्प लिया है।

## चाकू की नोक पर तीन बदमाशों ने युवक को लूटा

**रायपुर।** टिकरापारा थाना क्षेत्र में रविवार देर रात बाइक सवार तीन बदमाशों ने चाकू की नोक पर एक युवक के साथ लूट की। बदमाशों ने युवक को जान से मारने की धमकी देकर उसकी जेब से नकदी 12 हजार रुपए तथा बाइक लूटा और मौके से फरार हो गए। युवक अपने दोस्त के घर खाना छोड़ने गया था। तब बदमाशों ने उसके साथ लूट की। एक निजी कंपनी में सेल्समैन का काम करने वाले कांकेर, पखांजूर निवासी सुमन मांझी ने लूट की शिकायत दर्ज कराई है। सुमन ने पुलिस को बताया कि घटना दिनांक को वह अपने दोस्त अप्पू सरकार के घर खाना छोड़ने के लिये अपने परिचित पवन साहू की बाइक सीजी 12 एवाय 6435 को लेकर कमल विहार स्थित वेलफेयर सोसाइटी के सेक्टर 04 जा रहा था। रात्रि एक बजे स्कूटी सवार तीन अज्ञात बदमाशों ने उसकी बाइक रोकी। इसके बाद दो लड़कों ने अपनी जेब से चाकू निकालकर उसे धमकाते हुये पैसों की मांग की। विरोध करने पर बदमाशों ने उसे जान से मार देने की धमकी देते हुए उसके साथ मारपीट की और जेब से पर्स निकाल लिया।

# जूडा एसोसिएशन का हुआ पांच कालेजों में विस्तार, स्वास्थ्य सेवाओं में होगा सुधार का प्रयास

अब तक जेएनएम मेडिकल कालेज तक सीमित जूनियर डाक्टर एसोसिएशन का विस्तार प्रदेश के पांच शासकीय कालेजों में कर दिया गया है। जूनियर डाक्टर अन्य स्वास्थ्य संगठनों के साथ मिलकर स्वास्थ्य सेवाओं में सुधार का प्रयास करेंगे। पीजी कोर्स का संचालन करने वाले पांच मेडिकल कालेज में नियुक्त पदाधिकारियों को रायपुर मेडिकल कालेज में आयोजित लाइव कॉन्सर्ट एवं डीजे नाइट कार्यक्रम के दौरान शपथ दिलाई गई है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

अब तक जूनियर डाक्टर एसोसिएशन की सक्रियता रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में थी। इसकी एकमात्र वजह पीजी पाठ्यक्रम का संचालन और सबसे ज्यादा सीटों का यहीं होना था। पिछले कुछ सालों से अंबिकापुर सहित अन्य कालेजों में विभिन्न विषयों में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम का संचालन शुरू हुआ। वर्तमान में पांच शासकीय मेडिकल कालेज में पीजी की पढ़ाई कराई जा रही है। इसे ध्यान में रखते हुए जूडा एसोसिएशन का विस्तार रायपुर के अलावा अन्य चार शासकीय मेडिकल कालेजों में किया गया है। बनाए गए पदाधिकारियों को शनिवार को रायपुर के शासकीय मेडिकल कालेज में हुए सांस्कृतिक कार्यक्रम में शपथ दिलाई गई है। इसका अलावा राज्य स्तर पर भी जूनियर डाक्टर एसोसिएशन का गठन किया गया है जिसके अध्यक्ष डा. रेशम सिंह को बनाया गया है। सूत्रों का कहना है कि मजबूत संगठन के माध्यम जूडा शासन-प्रशासन के सामने अपनी मांगों को रख पाएंगे। इसके अलावा उनके द्वारा स्वास्थ्य सेवाओं की विसंगति को दूर कर सुविधाओं में विस्तार का प्रयास किया जाएगा।



लाइव कॉन्सर्ट एवं डीजे नाइट कार्यक्रम के बीच राजधानी में हुआ शपथ ग्रहण

### डीजे नाइट में शामिल हुए डाक्टर

*शासकीय मेडिकल कालेज में आयोजित जूनियर डॉक्टर्स एसोसिएशन नाइट में प्रदेश के विभिन्न मेडिकल कॉलेजों के जूनियर चिकित्सकों, रेजिडेंट डॉक्टरों एवं पदाधिकारी शामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान प्रदेश अध्यक्ष डॉ. रेशम सिंह ने नवनियुक्त पदाधिकारियों को संगठन के प्रति निष्ठा, चिकित्सकों के अधिकारों की रक्षा, चिकित्सा शिक्षा के उत्थान तथा जनहित में कार्य करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर आयोजित लाइव कॉन्सर्ट एवं डीजे नाइट कार्यक्रम आकर्षण का प्रमुख केंद्र रहा।*

### संगठनात्मक एकता को मजबूती मिलेगी

*जूडा एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष डा. रेशम सिंह ने कहा कि सभी कॉलेजों में जेडीए की सशक्त इकाइयों के गठन से संगठनात्मक एकता को नई मजबूती मिलेगी। इसके बाद चिकित्सकों से जुड़े मुद्दों को अधिक प्रभावी ढंग से शासन एवं प्रशासन के समक्ष रखा जा सकेगा। साथ ही स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार और चिकित्सा शिक्षा के विकास में भी महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।*

## वाहनों की बुकिंग के बाद थोड़ा लंबा इंतजार

# पेट्रोल की बढ़ती कीमत से ई-वाहनों की डिमांड में 30 फीसदी का इजाफा

अमेरिका, इजरायल, ईरान युद्ध के कारण पेट्रोल संकट और इसके बढ़ते दाम के कारण अब प्रदेश में ई वाहनों का क्रेज लगातार बढ़ता जा रहा है। बीते एक माह में ही 30 फीसदी डिमांड बढ़ गई है। लोग जहां मिल रहा है, वहां ई-वाहन खरीद भी रहे हैं, लेकिन इसकी सप्लाई कम होने के कारण ये वाहन तत्काल नहीं मिल पा रहे हैं। इसके लिए बुकिंग के बाद थोड़ा इंतजार करना पड़ रहा है। कारोबारियों के मुताबिक ई-वाहन बनाने वाली कंपनियों ने भी उत्पादन बढ़ा दिया है, लेकिन अचानक ज्यादा उत्पादन नहीं हो सकता। इसके लिए कम से कम छह माह का समय लगेगा। आने वाले समय में ई-वाहनों की बिक्री में 50 फीसदी से ज्यादा का उछाल आने की संभावना है।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

बीते माह जब पेट्रोल संकट के कारण राजधानी रायपुर सहित प्रदेश के कई शहरों में पेट्रोल पंपों में लंबी लाइनें लगीं तो लोगों को इस बात का अहसास हुआ कि आने वाले समय में पेट्रोल का संकट और बढ़ा तो क्या होगा। ऐसे में लोगों ने इसके विकल्प के रूप में ई-वाहनों की तरफ जाना प्रारंभ किया है। ई-वाहनों की जानकारी लेने वालों की संख्या में अचानक से भारी इजाफा हुआ है। पहले जहां 20 फीसदी ही इसकी जानकारी लेते थे, वहीं अब 70 से 80 फीसदी इसकी जानकारी ले रहे हैं।





**डिमांड में भारी इजाफा**

*अचानक से रायपुर सहित प्रदेश में ई-वाहन बेचने वालों आटोमोबाइल कारोबारियों के यहां ई-वाहनों की डिमांड में 30 फीसदी तक का इजाफा हो गया है। ज्यादातर डिमांड दुपहिया वाहनों की है। इसी के साथ कारों की डिमांड में भी इजाफा हुआ है। लेकिन कारों की डिमांड ज्यादा नहीं बढ़ी है। कारोबारियों के मुताबिक ई-वाहन ज्यादा नहीं बिकते हैं इसलिए कारोबारी इसको कम मंगाते हैं। लेकिन अब डिमांड ज्यादा होने पर ज्यादा मंगाने का काम किया जा रहा है, लेकिन उत्पादक कंपनियों के पास भी अपनी क्षमता है। अचानक से कोई भी कंपनी ज्यादा वाहन नहीं दे सकती है। दस फीसदी तक ज्यादा वाहन जरूर मिल सकते हैं, लेकिन 30 फीसदी ज्यादा डिमांड को तत्काल पूरा करना संभव नहीं है। ऐसे में इसके लिए अभी थोड़ा समय लगेगा।*

### डिमांड में भारी इजाफा

*प्रदेश में ई-वाहनों की मांग में 30 फीसदी का इजाफा हो गया है, लेकिन इसकी तत्काल पूर्ति संभव नहीं है। जिनके पास जितने वाहन है, वो तत्काल दे रहे हैं। बाकी बुकिंग लेकर मंगाकर वाहन दिए जा रहे हैं।*

**विवेक गर्ग, अध्यक्ष छत्तीसगढ़ फाडा**

### 40 हजार वाहन बिक रहे हर साल

*प्रदेश में बीते पांच सालों में ई-वाहनों की ब्रिकी में बड़ा बूम आया है। पांच साल पहले की बात करें तो प्रदेश में 2021-22 में महज साढ़े छह हजार वाहन बिके थे। लेकिन 2022-23 में इसमें करीब पांच गुना इजाफा हुआ और करीब तीस हजार वाहन बिके। अब यह आंकड़ा 40 हजार के पार हो गया है। ऑटोमोबाइल कारोबारियों के मुताबिक प्रदेश में हर माह तीन से चार हजार वाहन बिक रहे हैं।*

*इसमें सबसे ज्यादा दुपहिया वाहन हैं। जहां तक कारों का सवाल है तो इसका आंकड़ा कम है। कारें हर माह दो से तीन सौ के आस-पास ही बिक रही हैं। इनकी कीमत ज्यादा होने के कारण इसका क्रेज कुछ कम हैं। कुल मिलाकर साल भर में 35 से 37 हजार दुपहिया और तीन से चार हजार कारें बिक रही हैं। इसके अलावा 14 से 15 हजार ई-रिक्शा भी बिक रहे हैं।*

# नगरीय निकायों में 84.58 पंचायतों में 78.61% मतदान

- नगरीय निकायों और त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम व उप चुनाव में मतदान शांतिपूर्ण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार नगरीय निकायों एवं त्रि-स्तरीय पंचायतों के आम व उप-चुनाव के अंतर्गत मतदान शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। आयोग से प्राप्त जानकारी के अनुसार राज्य के नगरीय निकायों में अध्यक्ष के 5 तथा पार्षद के 71 पदों के चुनाव के लिए बनाए गए 96 मतदान केन्द्रों में कुल 31928 मतदाताओं में से 27006 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है।

त्रि-स्तरीय पंचायत में जनपद सदस्य के 10, सरपंच के 34, तथा वार्ड पंच के 107 पदों के निर्वाचन के लिए बनाए गए 274 मतदान केन्द्रों में कुल 102797 मतदाताओं में से 79968 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। आयोग से प्राप्त जानकारी अनुसार नगरीय निकायों में मतदान के लिए शाम 5 बजे तक तथा त्रि-स्तरीय पंचायतों में मतदान समय दोपहर 3 बजे तक निर्धारित था। जिला निर्वाचन अधिकारियों से प्राप्त आंकड़ों के अनुसार नगरीय निकाय में 84.58 प्रतिशत तथा त्रि-स्तरीय पंचायत में 78.61 प्रतिशत मतदान हुआ है।

### 4 को मतगणना

*नगरीय निकायों के मतो की गणना 4 जून को निर्धारित 13 मतगणना स्थल पर की जावेगी जिसके लिए 395 अधिकारियों- कर्मचारियों कि ड्यूटी लगाई गई है। त्रि-स्तरीय पंचायतों के मतदान, मतपेटी के माध्यम से कराए गये है। त्रि-स्तरीय पंचायतों मे मतदान पश्चात सामान्य स्थिति में मतगणना भी मौके पर संपन्न हुआ, जिनके सारणीकरण एवं परिणाम की घोषणा उसी दिन किया जायेगा।*

### आयोग ने जताया आभार

*छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह ने बताया कि किसी भी क्षेत्र में मतदान के दौरान किसी प्रकार की अप्रिय घटना घटित होने की कोई सूचना प्राप्त नही हुई है, मतदान शांतिपूर्वक एवं सौहार्द्रपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ। निर्वाचन सफलतापूर्वक संपन्न होने पर आयोग द्वारा सभी अधिकारी/ कर्मचारयों, पुलिस, राजनीतिक दलों, अभ्यर्थियों एवं मतदाताओ के प्रति आभार व्यक्त किया गया।*

## बिजली की समस्या को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



*» जनता व वरिष्ठ जनों के साथ विकास पहुंचे कलेक्टोरेट कार्यालय*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय ने राजधानी रायपुर में बिजली की समस्या को लेकर सोमवार को कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। उन्होंने कहा, राजधानी रायपुर सहित संपूर्ण छत्तीसगढ़ में अघोषित बिजली कटौती, लो वोल्टेज, ट्रांसफार्मर फेल और महंगी बिजली बिल की समस्या चरम पर पहुंच चुकी है। उन्होंने बताया कि रायपुर पश्चिम की जनता अपने क्षेत्रीय विधायक से भी परेशान हो चुकी है, क्योंकि वे जनहित में कार्य करना ही नहीं चाह रहे। क्षेत्रवासी उनके पास बार-बार गुहार लगाते हैं, अनसुनी कर दी जाती है। इसे लेकर आमजन और वरिष्ठजनों के साथ विद्युत समस्या को लेकर कलेक्टर कार्यालय पहुंचे। उपाध्याय ने कहा कि राजधानी रायपुर में गुढ़यिारी का क्षेत्रफल घनी आबादी वाला है। जहां बिजली की समस्या सबसे अधिक है, इसी कारण यहां पूर्व की कांग्रेस सरकार में विद्युत विभाग को सब स्टेशन हेतु फण्ड जारी हुआ था। जगह नहीं मिलने के कारण काफी समय से यह कार्य अधूरा है। उपाध्याय ने इस क्षेत्र की बिजली समस्या का तत्काल निराकरण करने कलेक्टर को सुझाव भी दिये। उन्होंने कहा, लगातार बिजली विभाग द्वारा मिल रही समस्याओं का निराकरण शीघ्र अतिशीघ्र नहीं किया गया, तो कांग्रेस पार्टी चरणबद्ध तरीके से आंदोलन का रास्ता अपनायेगी।

## विंध्य नगर में चार ब्लाक में अवैध निर्माण, जेसीबी मशीन से ढहाया

### नगर निगम जोन 1 के यतियतन लाल वार्ड का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 1 कमिश्नरी ने सोमवार को यतियतन लाल वार्ड के विंध्य नगर में 4 ब्लाक के अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ गिराया। नगर निवेश की टीम ने जोन कमिश्नर अंशुल शर्मा सीनियर के मार्गदर्शन में अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्यवाही की।

जोन 1 क्षेत्र अंतर्गत वार्ड नंबर 4 के विंध्य नगर में 4 ब्लाक में अवैध निर्माण कर्ताओं को अवैध निर्माण हटाने नियम अनुसार नोटिस देने के बाद भी इसकी अनदेखी करने पर अवैध निर्माण प्रकरण में जोन 1 कार्यपालन अभियंता द्रोनी कुमार पैकरा, सहायक अभियंता शरद देशमुख की उपस्थिति में अवैध निर्माण करने वाले निर्माणकर्ता उषा मिश्रा, देवचंद मिश्रा, रानी मिश्रा द्वारा किए गए अवैध 4 ब्लाक निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। जोन कमिश्नर का कहना है यह कार्यवाही नियम अनुसार प्रक्रिया के तहत की गई है।



### पहलवान वाटिका में 2 एकड़ जमीन पर अवैध प्लाटिंग को निगम ने तोड़ा



*नगर निगम जोन 6 स्थित पंडित श्यामाप्रसाद मुखर्जी वार्ड के हनुमान वाटिका अंतर्गत पहलवान वाटिका में 2 एकड़ जमीन पर चल रहे अवैध प्लाटिंग की वार्ड पार्षद रवि सोनकर द्वारा की गई शिकायत पर जोन 6 अमले ने संज्ञान लेते हुए तोड़फोड़ की कार्रवाई की। जोन कमिश्नर हितेंद्र यादव ने बताया कि पहलवान वाटिका में अवैध प्लाटिंग की शिकायत मिली थी, जेसीबी मशीन से अवैध प्लाटिंग को हटाया गया।*

## खुटेरी स्कूल के प्रधानपाठक ने बच्चों के संग मनाया जन्मदिन



**अरंड (पिथौरा)।** प्राथमिक विद्यालय खुटेरी के प्रधान पाठक डोलामणि साहू प्रत्येक वर्ष की तरह 2 जून को बच्चों के बीच अपना जन्मदिन मनाया। बच्चे मन के सच्चे होते हैं उनके बीच बातचीत कर मन को बहुत सुकून मिलता है। अपने साथ बच्चों को पाकर मन गदगद हो गया। उन्होंने अपने जन्मदिन के अवसर पर बच्चों को लेखनी और कापी प्रदान कर मुंह मीठा कराया। साथ में मित्र मंडली में घनश्याम धांधी, महेश ध्रुव, कौतुक पटेल, शोभाराम ध्रुव, पिंटू लेखराम ध्रुव, कृति साहू, जिया साहू और बच्चे उपस्थित रहे।

## 49 अपराधों में शामिल बदमाश पुलिस की अनुशंसा पर जिलाबदर

**रायपुर।** ग्रामीण पुलिस की अनुशंसा पर जिला दंडाधिकारी ने गोबरा नवापारा के आदतन बदमाश आशुतोष उर्फ छोटू भाण्डूलकर के खिलाफ जिला बदर करने आदेश जारी किया है। जिला दंडाधिकारी गौरव सिंह ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत आदेश जारी कर बदमाश को रायपुर सहित छह जिलों की सीमाओं से बाहर रहने के निर्देश दिए हैं। उस पर 49 मामले दर्ज हैं। जारी आदेश के अनुसार आदेश जारी होने के सात दिनों के भीतर आशुतोष को रायपुर, दुर्ग, गरियाबंद, धमतरी, महासमुंद और बलौदाबाजार जिलों की राजस्व सीमाओं से बाहर जाने के लिए कहा गया है। साथ ही उसे आगामी छह माह, 25 नवंबर 2026 तक इन जिलों की सीमा में बिना सक्षम न्यायालय अथवा सक्षम प्राधिकारी की अनुमति के प्रवेश करने पर प्रतिबंध लगाया गया है।

## कलेक्टोरेट परिसर में टूटे-फूटे सड़े बांस के बम्बू तोड़े गए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर के कलेक्टोरेट परिसर में आम लोगों के लिए बनाए गए बांस के कई बम्बू कई साल पुराने होने के कारण टूट फूट गए एवं सड़ गए हैं, जिसके कारण अब वे लोगों के लिए खतरा बन चुके थे। अब ऐसे बम्बू को तोड़कर उनकी जगह नए बम्बू बनाने का काम शुरू हो गया है। इसके लिए जिला प्रशासन ने बस्तर से कारीगर भी मंगाए हैं। बारिश सीजन के आगमन को देखते हुए ये कारीगर तेज गति से बम्बू बनाने के काम में जुटे हुए हैं।



बनाए जा रहे नए

### हर दिन सैकड़ों लोगों को देते हैं गर्मी से राहत

*बांस के ये बम्बू लोगों की सुविधा के लिए बनाए गए हैं। कलेक्टोरेट परिसर में लगभग एक दर्जन स्थानों पर बनाए गए बम्बू में कुछ बम्बू को बने कई साल हो चुके हैं। बारिश और तेज धूप के कारण बम्बू सड़कर टूट-फूट चुके हैं, जिससे इनकी छत कभी भी गिर सकती है। किसी प्रकार का हादसा न हो तथा लोगों की सुरक्षा की दृष्टि से कलेक्टर गौरव सिंह के निर्देश पर अब खतरनाक हो चुके बम्बू को तोड़कर उनकी जगह नए बम्बू का निर्माण कराया जा रहा है। इन बम्बू के निर्माण के लिए बस्तर से कारीगरों की टीम बुलाई गई है।*

# एक ही तिथि में डीएलएड-पीएससी परीक्षाएं तारीख बदलने की मांग कर रहे छात्र बेहोश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग और माध्यमिक शिक्षा मंडल द्वारा आयोजित परीक्षाएं एक ही तिथि पर 8 जून को होने के कारण अभ्यर्थियों का एक वर्ग परेशानी में है। इसे देखते हुए एनएसयूआई ने सोमवार को माध्यमिक शिक्षा मंडल कार्यालय का घेराव कर तारीख बदलने की मांग की। तेज गर्मी और झूलसाने वाली धूप में हो रहे प्रदर्शन के दौरान एक छात्र बेहोश भी हो गया। प्राथमिक सहायता उपलब्ध कराई गई। इसके बावजूद छात्रों का आक्रोश कम नहीं हुआ और वे अपनी मांगों को लेकर प्रदर्शन स्थल पर डटे रहे। डीएलएड परीक्षाओं का आयोजन माशिम द्वारा कराया जाता है। छात्रों ने मंडल से डीएलएड तिथियां बदलने की मांग की है।



**अब तक समाधान नहीं**

*एनएसयूआई ने आरोप लगाया कि डीएलएड परीक्षा एवं सीजी पीएससी मुख्य परीक्षा की तिथियों के टकराव के कारण प्रदेश के सैकड़ों छात्र-छात्राओं का भविष्य संकट में पड़ गया है। एक ओर विद्यार्थी वर्षों की मेहनत से पीएससी जैसी महत्वपूर्ण प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करते हैं, वहीं दूसरी ओर डीएलएड की परीक्षा भी उनके शैक्षणिक भविष्य से जुड़ी हुई है। ऐसी स्थिति में अभ्यर्थियों को किसी एक परीक्षा का त्याग करने के लिए मजबूर करना पूर्णतः छात्र विरोधी निर्णय है। छात्रों द्वारा लगातार अपनी समस्या प्रशासन के समक्ष रखने के बावजूद अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। जिला उपाध्यक्ष तारिक अनवर खान के नेतृत्व में यह प्रदर्शन हुआ। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, जिलाध्यक्ष शांतनु झा भी छात्रों को समर्थन देने पहुंचे रहे। संस्कार पांडेय, आशीष बाजपाई, मोहम्मद जिशन, शत्रुंजय शुक्ला, खुशराज ढिल्लन, कपिल डांडे एवं अन्य एनएसयूआई कार्यकर्ता उपस्थित रहे।*

### छात्रावास में जम गई काई-फफूंद, खिड़कियां टूटीं



*पत्रकारिता विवि में अव्यवस्थाओं का सामना कर रहे छात्रों का गुस्सा आखिरकार सोमवार को फूट पड़ा। छात्र अपनी मांग लेकर प्रशासनिक भवन पहुंचे, जहां उन्होंने हॉस्टल में व्याप्त समास्याओं से प्रबंधन को रूबरू कराया। छात्रों का कहना है कि हॉस्टल के भूतल और प्रथम तल तक स्थित लगभग 30 कमरों में से अधिकतर कमरे रहने योग्य नहीं हैं। कई कमरों की खिड़कियां टूटी हुई हैं, दीवारों में सीलन है, पेंट उखड़ चुका है तथा काई और फफूंदी जम गई है। इसके अलावा कई कमरों को स्टोर रूम बनाकर उनमें कबाड़ भर दिया गया है, जिससे छात्रों को आवास संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। परिसर में ही स्थित बालक छात्रावास की जर्जर स्थिति के कारण पढ़ाई प्रभावित होने की बात छात्रों ने कही। उनका कहना है कि अव्यवस्थाओं के मध्य परीक्षाओं की तैयारी कर पाना उनके लिए जटिल साबित हो रहा है।*

## खबर संक्षेप

### किसानों की समस्याओं को लेकर विशाल रैली एवं ज्ञापन कार्यक्रम कल

**महासमुंद,** । छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के आह्वान पर जिला किसान कांग्रेस द्वारा किसानों की विभिन्न समस्याओं एवं मांगों को लेकर 04 जून को महासमुंद में विशाल किसान रैली एवं प्रदर्शन का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम के तहत किसान कांग्रेस कार्यकर्ता एवं किसान सुबह 11 बजे कांग्रेस भवन में एकत्रित होंगे तथा वहां से शांतिपूर्ण रैली के रूप में कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपेंगे। रैली एवं ज्ञापन के माध्यम से किसानों की प्रमुख समस्याओं जैसे खाद की उपलब्धता, सिंचाई व्यवस्था, कृषि ऋण, फसल बीमा, विद्युत आपूर्ति, समर्थन मूल्य तथा अन्य कृषि संबंधी मांगों को शासन-प्रशासन के समक्ष प्रमुखता से रखा जाएगा। कार्यक्रम में मुख्य रूप से छत्तीसगढ़ प्रदेश किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष अभिषेक मिश्रा उपस्थित रहेंगे। इसके साथ ही प्रदेश किसान कांग्रेस से नियुक्त महासमुंद जिला कार्यक्रम प्रभारी राजेश पांडेय, राजेश मुखर्जी एवं सौरभ सिंह भी कार्यक्रम में विशेष रूप से शामिल होकर किसानों को संबोधित करेंगे। इस कार्यक्रम में विधायक, पूर्व विधायक, जिला कांग्रेस कमेटी, शहर/ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के समस्त पदाधिकारीगण, निर्वाचित जनप्रतिनिधिगण तथा मोर्चा संगठनों के अध्यक्ष व कार्यकर्ता साथी नियत समय पर कांग्रेस भवन में अपनी उपस्थिति सुनिश्चित करें। जिला किसान कांग्रेस के पदाधिकारियों ने जिले के समस्त किसानों, कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं किसान हितैषियों से अधिक से अधिक संख्या में कार्यक्रम में शामिल होकर किसानों की आवाज को मजबूती प्रदान करने की अपील की है। जिला किसान कांग्रेस ने स्पष्ट किया है कि यह कार्यक्रम पूर्णतः शांतिपूर्ण, लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से आयोजित किया जाएगा तथा प्रशासन द्वारा जारी सभी दिशा-निर्देशों का पालन किया जाएगा।

### जांच : खम्हारपाली में यात्री, सड़क सुरक्षा को लेकर सघन जांच अभियान

# 15 बसों व अन्य वाहनों पर कार्रवाई कर 2 लाख वसूले समन शुल्क

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरायपाली







छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग द्वारा संचालित परिवहन जांच चौकी खम्हारपाली में यात्री सुरक्षा, सड़क सुरक्षा एवं राजस्व संरक्षण को ध्यान में रखते हुए जारी सघन जांच अभियान में खम्हारपाली परिवहन जांच चौकी प्रभारी विष्णु ठाकुर के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ से ओडिशा एवं झारखंड की ओर संचालित अखिल भारतीय पर्यटक परमिट एवं अन्य व्यावसायिक बसों की नियमित जांच की गई।

जांच के दौरान कई बसों में निर्धारित सीमा से अधिक लगेज का परिवहन किया जाना पाया गया, जिस पर नियमानुसार कार्रवाई की गई। मई माह में ही 15 बसों सहित अन्य वाहनों पर कार्रवाई करते हुए लगभग 2 लाख रुपए का समन शुल्क वसूला गया। साथ ही वाहन संचालकों को भविष्य में नियमों का पालन करने एवं निर्धारित सीमा से अधिक सामान का परिवहन नहीं करने की सख्त चेतावनी दी गई है।

पूर्व में चेकपोस्ट क्षेत्र में भारी एवं व्यावसायिक वाहनों की तेज गति से आवाजाही के कारण दुर्घटनाओं की घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग द्वारा चेकपोस्ट के दोनों प्रवेश द्वारों पर बैरिकेड्स लगाए गए, जिससे वाहनों की गति नियंत्रित हुई। इस प्रभावी पहल का परिणाम यह रहा कि पिछले आठ माह के दौरान चेकपोस्ट क्षेत्र में कोई भी सड़क दुर्घटना दर्ज नहीं हुई। साथ ही स्थानीय नागरिकों को ट्रैफिक दबाव से राहत दिलाने के उद्देश्य से मोटरसाइकिल एवं निजी चारपहिया वाहनों को चेकपोस्ट परिसर में प्रवेश न देकर बाहर से ही बायपास कराया जा रहा है। इससे यातायात सुगम होने के साथ जाम की समस्या में भी कमी आई है। भीषण गर्मी को देखते हुए यात्रियों एवं वाहन चालकों की सुविधा के लिए चेकपोस्ट परिसर में वाटर कूलर एवं मटकों के माध्यम से शीतल पेयजल की व्यवस्था भी की गई है।

परिवहन विभाग ने स्पष्ट किया है कि यात्री सुरक्षा, सड़क सुरक्षा तथा नियमों के प्रभावी पालन के लिए बसों एवं अन्य वाहनों की जांच और कार्रवाई की प्रक्रिया आगे भी निरंतर जारी रहेगी। उल्लेखनीय है कि खम्हारपाली चेकपोस्ट ने बीते वित्तीय वर्ष में शासन द्वारा निर्धारित राजस्व लक्ष्य को 10 प्रतिशत की वृद्धि के साथ प्राप्त किया है।

# प्रदेशवासियों की उम्मीदों पर खरा नहीं उतर पाई भाजपा सरकार : विनोद

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



प्रदेश में भाजपा की साय सरकार लोगों की उम्मीदों पर खरा उतरने में विफल साबित हुई है। बढ़ती महंगाई, भ्रष्टाचार पर अंकुश लगा पाने में सरकार असफल हो गई है। युवाओं को रोजगार नहीं मिल रहा, शासन के गलत उद्योग नीति के चलते छोटे-मंझोले व्यापार पर आर्थिक संकट उत्पन्न हो गया है। प्रदेश में चहुंओर आए दिन बिजली कटौती हो रही है। किसान खाद-बीज के लिए सोसायटियों के चक्कर लगा रहे हैं, और प्रदेश सरकार सुशासन तिहार मनाने में मशगुल है। सुशासन तिहार में भी जनसमस्याओं का किसी तरह समाधान नहीं हो पा रहे हैं। समाधान शिविर केवल औपचारिकता बनकर रह गई है।

उक्त वक्तव्य पूर्व संसदीय सचिव छग शासन व महासमुंद के पूर्व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने बीते 1 जून को शहर के नयापारा क्षेत्र स्थित टाउन हाल में आयोजित सुशासन तिहार अंतर्गत समाधान शिविर को लेकर व्यक्त किए। जिसमें समय से पहले ही समस्त अधिकारी-कर्मचारी शिविर छोड़ कर चले गए। टाउन हाल में चस्पा किए बैनर में शिविर का समय सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक लिखा हुआ था। लेकिन, नेताओं के जाते ही विभागीय अधिकारी भी लौट गए। दोपहर 2 बजे के बाद पूरा टाउन हाल खाली हो गया। शिविर में एक भी कर्मचारी नहीं थे। नयापारा क्षेत्र के 10 वार्डों के नागरिकों के लिए उक्त शिविर लगाए गए थे। दोपहर 2 बजे के बाद अनेक नागरिक अपनी फरियाद लेकर शिविर पहुंचे थे। लेकिन, शिविर में खाली कुर्सियों के अलावा कुछ भी नहीं था।

### आर्ट ऑफ़ लिविंग शिविर में शामिल हुए ग्रामीणजन



**तेंदूकोना।** समीप के ग्राम तिलाईदादर में आध्यात्मिक गुरु रविशंकर आर्ट ऑफ़ लिविंग की ओर से 25 से 29 मई तक पांच दिवसीय आनंद अनुभूति शिविर कार्यक्रम का समापन हुआ। अनुभवी प्रशिक्षक डोंगरगढ़ पनियाजोब से दानी राम साहू द्वारा योग, ध्यान, प्राणायाम, विश्व विख्यात श्वासों का रहस्य सुदर्शन क्रिया, तनाव मुक्त जीवन, नेतृत्व क्षमता का विकास, जीवन शैली में सुधार कार्य, क्षेत्र में उन्नति, मानसिक शांति का अनुभव, आध्यात्मिक उन्नति, योग साधना आपको मजबूत बनाती है, स्वयं व राष्ट्र के लिए नेतृत्व शक्ति का विकास, अपनी कमजोरियों व सीमाओं को पार करना हर पल आनंद में रहना को कोर्स के माध्यम से ग्रामीणों को सिखाया गया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण भक्ति मय सत्संग में झूम उठे। उक्त जानकारी ग्राम प्रमुख नैनसिंह दीवान ने दी है। इस दौरान हेमलाल दीवान, नमेश्वरी दीवान, ललिता दीवान, गोदावरी दीवान, कुलेश्वर दीवान, लव दीवान, कुश दीवान सहित अधिक संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# आईएमपीसीएल की नेटवर्थ 145 करोड़, बेच दी 121 करोड़ में निजी हाथों को: आलोक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



जीव जंतु कल्याण बोर्ड छत्तीसगढ़ शासन के उपाध्यक्ष व कांग्रेस के प्रदेश संयुक्त महामंत्री आलोक चंद्राकर ने केंद्र सरकार द्वारा शासकीय संस्थानों को औने पौने दाम पर बेचने के निर्णय की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि शासकीय सम्पत्तियों को बेचने के क्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को एक और बड़ी उपलब्धि हासिल हो गई है, 12 जुलाई 1978 को पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी के कार्यकाल में स्थापित आयुष मंत्रालय के अंतर्गत आने वाली सरकारी कंपनी आईएमपीसीएल (इंडियन मेडिसिंस फार्मास्युटिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड) को मोदी ने बेच दिया है।

आलोक चंद्राकर ने कहा कि उत्तराखंड के अल्मोड़ा स्थित आयुर्वेदिक दवाइयां बनाने वाली एकमात्र सरकारी कंपनी इंडियन मेडिसिन फार्मास्युटिकल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईएमपीसीएल) के निजीकरण ने इस दावे पर सवाल खड़े कर दिए हैं। 145 करोड़ रुपए की नेटवर्थ वाली इस कंपनी को मात्र 121 करोड़ रुपए में मेसर्स स्‍ का ई मै प फार्मास्युटिकल्स प्राइवेट लिमिटेड को बेच दी गई। साल 1978 में पूर्व प्रधानमंत्री स्व. इंदिरा गांधी ने इसकी स्थापना की थी। यह शासकीय संस्था आईएमपीसीएल 40 एकड़ सरकारी भूमि पर संचालित हो रही थी। कंपनी के पास 1200 प्रकार की औषधियां बनाने का लाइसेंस था और वर्तमान में वह 575 आयुर्वेदिक एवं यूनानी दवाओं की आपूर्ति केंद्रीय अस्पतालों, अनुसंधान संस्थानों और विभिन्न राज्यों के सरकारी अस्पतालों को कर रही थी। चंद्राकर ने कहा कि आखिर क्या वजह है कि शासकीय संपत्तियों को घाटा उठाकर निजी हाथों में सौंपा जा रहा है। क्या प्रधानमंत्री से देश संभल नहीं पा रहा। यदि ऐसा है, तो तत्काल पीएम मोदी को इस्तीफा देना चाहिए। सरकार सार्वजनिक संपत्तियों को निजी हाथों में सौंप कर देश को चंद पूंजीपतियों के हाथों में सौंप रही है।

# पदमनी और मधु को मिला नया आत्मविश्वास और नई ताकत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद



मां बनना हर महिला के जीवन का सबसे सुखद अनुभव होता है, लेकिन इस दौरान स्वास्थ्य और आर्थिक जरूरतों की चुनौतियां भी सामने आती हैं। महासमुंद शहरी परियोजना क्षेत्र अंतर्गत पदमनी यादव और मधु यादव के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना ऐसे समय में सहारा बनकर आई। योजना के तहत मिली आर्थिक सहायता से उन्हें गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक आहार, स्वास्थ्य जांच एवं बच्चों की देखभाल में मदद मिली।

नगर के वार्ड 11 की रहने वाली पदमनी यादव ने बताया कि वे जब गर्भावस्था में थी तो उन्हें आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं महिला बाल विकास विभाग की सेक्टर सुपरवाईजर शीला प्रधान ने उन्हें प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के बारे जानकरी दी। आवश्यक पंजीयन के पश्चात उनकी पहली बेटी के जन्म के बाद उन्हें इस योजना की राशि 5 हजार रुपए मिली। इस राशि का उपयोग उन्होंने अपने बच्चे के पोषण और उनकी अच्छी देखभाल के लिए उपयोग किया। इसी तरह वार्ड 11 की ही मधु यादव को प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना का डबल फायदा मिला। पहले बच्चे के जन्म के समय 5 हजार और फिर बेटी के जन्म के बाद उन्हें 6 हजार की राशि योजना के माध्यम से प्रदान की गई। उनका कहना है कि इस सहायता ने मातृत्व की जिम्मेदारियों को निभाने में उन्हें आत्मविश्वास और संबल प्रदान किया। पदमनी यादव और मधु यादव दोनों ही अपने बच्चों का बेहतर तरीके से पालन-पोषण कर रही हैं और इसके लिए प्रधानमंत्री मातृत्व वंदन योजना को एक महत्वपूर्ण सहयोग मानती हैं। उन्होंने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों के प्रति आभार व्यक्त किया है। शहरी क्षेत्र में 321 हितग्राहियों को इसका लाभ मिल चुका है, जबकि जिले में अब तक कुल मिलाकर 27 हजार महिलाओं को लाभान्वित किया जा चुका है।

# कलेक्टर ने जनदर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं, 76 आवेदन प्राप्त

**महासमुंद।** कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित जनदर्शन में जिले के जनसामान्य की समस्याएं सुनी। कलेक्टर लंगेह ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को प्राप्त सभी आवेदनों को प्राथमिकता के साथ शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए हैं। साथ ही आवेदनों का अवलोकन कर नियमानुसार पात्र हितग्राहियों को शासकीय योजनाओं से लाभान्वित करने कहा। उन्होंने सभी अधिकारियों को उनके विभाग से संबंधित आवेदन प्रदान कर शीघ्र निराकरण करने के लिए निर्देशित किया। जनदर्शन में कुल 76 आवेदन प्राप्त हुए।



जनदर्शन में ग्राम बांसकुड़ा की गीता पटेल ने भू अधिकार पत्र में सुधार के लिए आवेदन किया। इसी तरह बिरकोनी के किसान चित्रसेन साहू ने जमीन तक झूलते विद्युत तार को हटाने, सेवानिवृत्त भृत्य सुरेश साहू ने उपादान भुगतान हेतु, राहुल आर्य ने अंतरजातीय विवाह अनुदान राशि के लिए आवेदन किया। वहीं ग्राम चौकबेड़ा के निवासियों ने भुरकोनी से चौकबेड़ा, छुईहा-तुपकबोरा मार्ग डामरीकरण के लिए कलेक्टर को आवेदन दिया। साथ ही पीएम किसान सम्मान निधि, अवैध अतिक्रमण, लंबित राशि भुगतान एवं अन्य आवेदन प्राप्त हुए। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू सहित समस्त जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे।आवेदक टिकेश्वरी साहू अपने 8 साल के मासूम पुत्र को लेकर जनदर्शन में पहुंची थी। उसने कलेक्टर को बताया कि उसके पुत्र परमानंद को शुरुआत से ही सिकलसेल की बीमारी है। जिसमें प्रत्येक 4 माह में खून चढ़ाया जाता है। महिला के आवेदन को देखकर कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने मानवीय पहल दिखाते हुए तत्काल मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित करते हुए मासूम परमानंद को चिरायु योजना का लाभ दिलाने और उसके बेहतर उपचार के लिए भी कहा।

# कुम्हार समाज से मिले विश्व हिंदू परिषद के सदस्य, मूल स्वरूप में भगवान गणेश की प्रतिमाओं का निर्माण करने किया निवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

विश्व हिंदू परिषद के जिलाध्यक्ष हर्षवर्धन चंद्राकर के नेतृत्व में कुम्हार पारा स्थित सामुदायिक भवन में कुम्हार (प्रजापति) समाज के सदस्यों से भेंट मुलाकात कर मूर्ति निर्माण करने वाले प्रत्येक कुम्हारों से आगामी माह में आयोजित गणेश चतुर्थी के पावन पर्व पर भगवान गणेश की मूर्ति निर्माण संबंधी आवश्यक निर्देश दिया गया।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के सदस्यों ने समाज से निवेदन करते हुए भगवान गणेश का मूल स्वरूप में ही प्रतिमा निर्माण की बात पर जोर देते हुए किसी भी प्रकार से कार्टून आधारित या अन्य स्वरूप में प्रतिमा निर्माण नहीं करने की बात कही। साथ ही परिषद के सदस्य उत्तम वर्मा, चंदन नेताम, प्रदीप वर्मा, राहिल गुप्ता ने बैठक में उपस्थित कुम्हार समाज के प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि प्लास्टर ऑफ पेरिस पीओपी से बनी मूर्तियों को बेचने की अनुमति शासन ने नहीं दी है। कोई भी पीओपी से बनी मूर्ति विक्रय करेंगे तो शासन को सूचना देकर संबंधित के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कराई जाएगी।



जिलाध्यक्ष ने समाज को जानकारी देते हुए बताया कि गणेश चतुर्थी के पूर्व से ही बजरंग दल के सदस्यों द्वारा विभिन्न गणेशोत्सव समितियों से संपर्क कर भगवान गणेश का मूल स्वरूप में एवं विधि विधान से प्रतिमा बिठाने, अशोभनीय गाने न बजाने एवं भारतीय संस्कृति को ध्यान में रखते हुए पूरी शालीनता से पर्व को मनाने का आग्रह किया जा रहा है। उन्होंने समाज के सदस्यों से निवेदन किया कि कि प्रतिमा निर्माता अपना नाम व नंबर अनिवार्य रूप से प्रतिमा के नीचे लिखेंगे।

बैठक में सर्वसम्मति से कुम्हार समाज के सदस्यों ने माटी कला बोर्ड के अध्यक्ष रवि चक्रधारी से भेंट मुलाकात कर पूरे छत्तीसगढ़ में भगवान गणेश का मूल स्वरूप में ही प्रतिमा निर्माण करने एवं प्लास्टर ऑफ पेरिस से बने गणेश की मूर्ति विक्रय पर पूर्ण प्रतिबंध लगाने एवं विक्रय करते पाए जाने पर तत्काल एफआईआर दर्ज करने संबंधी मांग करने का सुझाव दिया गया, उक्त सुझाव पर जिलाध्यक्ष ने प्रांत के पदाधिकारियों से आवश्यक चर्चा कर जानकारी देने की बात कही।

बैठक में कुम्हार समाज के जागेश्वर प्रजापति, मुकेश प्रजापति, उमेश प्रजापति, शंभू प्रजापति, दीपक प्रजापति, दिलीप प्रजापति, जीतू प्रजापति, राम गोपाल प्रजापति, सुरेश प्रजापति, दाऊ प्रजापति, देवानंद प्रजापति, शंभू नाथ चक्रवर्ती, राजू प्रजापति, आकाश प्रजापति, गौतम प्रजापति सहित कुम्हार समाज के सदस्य उपस्थित हुए।




### मानसून में मौसमी बीमारियों से बचाव के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जारी की एडवाइजरी

**महासमुंद।** आगामी मानसून को देखते हुए कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. आई नागेश्वर राव द्वारा जिले के समस्त खण्ड चिकित्सा अधिकारियों को मौसमी बीमारियों एवं संभावित आपदाओं से बचाव तथा राहत व्यवस्थाओं के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। साथ ही आमजनों से वर्षा ऋतु के दौरान स्वास्थ्य संबंधी सावधानियां बरतने की अपील की गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राव ने बताया कि वर्षा ऋतु में उल्टी-दस्त, मलेरिया, पीलिया तथा अन्य संक्रामक रोगों के फैलने की आशंका बढ़ जाती है। समय पर रोकथाम एवं उपचार नहीं मिलने पर ये बीमारियां गंभीर और जानलेवा भी साबित हो सकती हैं। उन्होंने बताया कि दस्त की स्थिति में व्यक्ति को बार-बार शौच जाना पड़ता है तथा मल ढीला और तरल हो जाता है। सामान्यतः दस्त दो से तीन दिनों तक रहते हैं, लेकिन यदि तीन दिनों से अधिक समय तक बने रहें या मरीज की स्थिति बिगड़ने लगे तो तत्काल चिकित्सकीय सलाह लेना आवश्यक है। इसके लिए 104 आरोग्य सेवा केंद्र से निःशुल्क परामर्श प्राप्त किया जा सकता है अथवा निकटतम अस्पताल एवं स्वास्थ्य केंद्र से संपर्क किया जा सकता है। उन्होंने बताया कि दस्त के प्रमुख कारणों में वायरस एवं बैक्टीरिया जनित संक्रमण, दूषित भोजन एवं पानी का सेवन, अस्वच्छता तथा अधपके भोजन का सेवन शामिल हैं। इससे बचाव के लिए खाने-पीने की वस्तुओं और पानी को ढंककर रखने, ताजा भोजन करने, बासी एवं सड़े-गले फलों से परहेज करने तथा भोजन से पहले और शौच के बाद साबुन से हाथ धोने की सलाह दी गई है। पेयजल को उबालकर या क्लोरीन की गोली डालकर उपयोग करने पर भी जोर दिया गया है। दस्त होने पर शरीर में पानी की कमी रोकने के लिए ओआरएस घोल का सेवन करते रहने की सलाह दी गई है। इसके अलावा नारियल पानी, नमकीन लस्सी, नींबू की शिकंजी, चावल का मांड, हल्की चाय और दाल का पानी जैसे तरल पदार्थों का सेवन लाभकारी बताया गया है।



## खबर संक्षेप

### प्रबंधकों को पॉस मशीन का किया गया वितरण

**महासमुंद।** इफको सहकारी संस्था के द्वारा 29 नवीन सेवा सहकारी समितियों को पॉस मशीन वितरण एवं प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन उप संचालक कृषि कार्यालय में किया गया। जिसमें उप संचालक कृषि एफआर कश्यप, जिला सहकारी बैंक मर्या. रायपुर शाखा महासमुंद से नोडल अविनाश शर्मा एवं इफको महासमुंद के क्षेत्रीय अधिकारी साजिद रजा उपस्थित रहे। कार्यक्रम के दौरान सभी समिति प्रबंधकों को पॉस मशीन वितरण किया गया।

### जिला कोषालय में शिविर आज से

**महासमुंद।** जिले के शासकीय कर्मचारियों एवं जीपीएफ अभिदाताओं से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण के लिए महालेखाकार कार्यालय द्वारा 3 जून से 5 जून तक जिला कोषालय में शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में दिवंगत, सेवानिवृत्त एवं कार्यरत जीपीएफ अभिदाताओं के ऋणात्मक शेष, अनपोस्ट क्रेडिट/डेबिट, फुलवांट, पार्ट वांट सहित अन्य लंबित प्रकरणों से संबंधित कार्रवाई की जाएगी। संबंधित समस्त आहरण एवं संवितरण अधिकारियों/ प्रतिनिधि को निर्देशित किया गया है कि वे उक्त प्रकरणों से संबंधित मूल दस्तावेजों एंव अभिलेखों की प्रमाणित प्रति सहित निर्धारित तिथि पर शिविर में उपस्थित होना होगा।

### 328 आवेदन, 323 का हुआ निराकरण

**महासमुंद।** प्रदेशव्यापी सुशासन तिहार 2026 के तहत जिले में आयोजित 37 समाधान शिविरों में पशुधन विकास विभाग को अब तक 328 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें 327 मांग संबंधी एवं 1 शिकायत का आवेदन शामिल है। विभागीय अफसरों ने बताया कि प्राप्त आवेदनों में से 322 मांग एवं 1 शिकायत सहित कुल 323 आवेदनों का निराकरण किया जा चुका है, जबकि 5 आवेदन लंबित हैं, जिनका निराकरण प्रक्रिया में है। प्राप्त आवेदनों में राज्य बकरी उद्यमिता योजना के 105, बैकयार्ड कुक्कुट पालन योजना के 118, गाय पालन (डेयरी) योजना के 74, सुकरत्रयी योजना के 10, वत्स पालन पोषण के 7, नरबकरा योजना के 5 तथा कुक्कुट प्रोत्साहन योजना के 3 आवेदन शामिल हैं। इन्होनें बताया कि विभाग द्वारा हितग्राहियों के आवेदन पूर्ण कराए जा रहे हैं। आवेदन प्रक्रिया पूर्ण होने के बाद उपलब्ध लक्ष्य एवं संसाधनों के अनुसार पात्र हितग्राहियों को योजनाओं का लाभ प्रदान किया जाएगा।

# 'बच्चों का बेहतर अकादमिक प्रदर्शन ही शिक्षकों के मूल्यांकन का सही पैमाना'

## बीआरसीसी में पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण का तृतीय चरण प्रारंभ, डीईओ देवांगन ने दिए अकादमिक सुधार के कड़े निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

समग्र शिक्षा अंतर्गत स्थानीय बीआरसीसी भवन में 1 जून से 5 जून तक आयोजित होने वाले पांच दिवसीय शिक्षक प्रशिक्षण के तृतीय चरण का शुभारंभ हुआ। इस प्रशिक्षण में ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण, आधुनिक शिक्षा शास्त्र, शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) का सकारात्मक उपयोग, आईसीटी, एनएसपी, व्यसन मुक्त भारत, मानसिक स्वास्थ्य एवं भारतीय संस्कृति जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर गहन मंथन किया जा रहा है।

प्रशिक्षण के द्वितीय दिवस जिला शिक्षा अधिकारी बीएल देवांगन का प्रेरणादायी आगमन हुआ। उन्होंने सत्र को संबोधित करते हुए शिक्षा की गुणवत्ता को बढ़ाने और आगामी परीक्षा परिणामों में गुणात्मक सुधार लाने हेतु अत्यंत महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश साझा किए। जिला शिक्षा अधिकारी ने विगत सत्र (2025-26) के परीक्षा परिणामों की बारीकी से समीक्षा की। उन्होंने स्पष्ट शब्दों में कहा कि किसी भी शिक्षक का वास्तविक मूल्यांकन इस बात से होता है कि उनके बच्चे कितना सीख रहे हैं और उनका अकादमिक प्रदर्शन कैसा है। इसलिए, सभी व्याख्याता इस प्रशिक्षण को पूरी गंभीरता से लें और यहां सीखे गए नवाचारों का उपयोग अपनी कक्षाओं में करें, ताकि हर बच्चे को आगे बढ़ने का समान अवसर मिल सके।



1 से 5 जून तक आयोजित हो रहा है ब्लूप्रिंट आधारित प्रश्न पत्र निर्माण, एआई और आधुनिक शिक्षा शास्त्र पर केंद्रित प्रशिक्षण

### पाठ्यक्रम पूरा करने के साथ उपचारात्मक शिक्षण पर जोर

डीईओ ने शिक्षकों को निर्देशित करते हुए कहा कि नए शैक्षणिक सत्र में केवल पाठ्यक्रम को समय पर पूरा कर लेना ही अंतिम उद्देश्य नहीं होना चाहिए। सत्र की शुरुआत में ही प्रारंभिक इकाई मूल्यांकन के माध्यम से प्रत्येक विद्यार्थी के सीखने के स्तर (लर्निंग लेवल) की पहचान की जाए। बच्चों की कमजोरियों को चिन्हित कर उनका निदानात्मक परीक्षण किया जाए और फिर आवश्यकतानुसार उपचारात्मक शिक्षण प्रदान किया जाए। तभी वास्तविक रूप से परीक्षा परिणामों में सकारात्मक और बड़ा बदलाव संभव होगा। उन्होंने अपने उद्बोधन में शिक्षकों को प्रेरित करते हुए कहा शिक्षा केवल अंक अर्जित करने का साधन नहीं है, बल्कि यह बच्चों के व्यक्तित्व निर्माण और उनमें आत्मविश्वास जगाने की प्रक्रिया है। जब हमारे शिक्षक संवेदनशीलता, नवाचार और पूर्ण समर्पण के साथ कार्य करेंगे, तब सरकारी विद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का एक नया और समृद्ध वातावरण निर्मित होगा।

### नवाचार और आधुनिक तकनीकों से लैस हो रहे शिक्षक

इस पांच दिवसीय कार्यशाला में एआई, आईसीटी के प्रयोग, मानसिक स्वास्थ्य और आधुनिक शिक्षण पद्धतियों पर व्यावहारिक सत्र आयोजित किए जा रहे हैं। इसका मुख्य उद्देश्य शिक्षकों को 21वीं सदी की आधुनिक शैक्षणिक आवश्यकताओं के अनुरूप दक्ष बनाना तथा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए एक सकारात्मक व सुरक्षित माहौल तैयार करना है। इस अवसर पर मुख्य रूप से बीआरसीसी जागेश्वर सिन्हा, जिला संदर्भ समूह से भावना पांडव, देवेंद्र साहू, बीआरजी केवल साहू, जगदीश ओगरे, हितेंद्र साहू, प्रशिक्षार्थी पटेल, सीएसी आशीष साहू सहित बड़ी संख्या में व्याख्याता उपस्थित रहे।

बैठक : समय सीमा की बैठक में कलेक्टर ने दिए महत्वपूर्ण निर्देश

# बिजली कटौती के संबंध में पूर्व सूचना जारी करे विभाग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- खेती बचाओ अभियान के तहत कृषि विभाग गांव-गांव जाएंगे
- मौसमी बीमारियों से बचने स्वास्थ्य विभाग को अलर्ट रहने के निर्देश

कलेक्टर विनय कुमार लंगेह ने सुबह 10 बजे से समय सीमा की बैठक लेकर विभिन्न विभागों की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की समीक्षा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। शासन के निर्देशानुसार बैठक वर्चुअल मोड में हुआ। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ हेमंत नंदनवार, अपर कलेक्टर रवि साहू उपस्थित थे तथा सभी एसडीएम, तहसीलदार, जनपद पंचायत सीईओ, सीएमओ सहित जिला स्तरीय अधिकारी वीसी के माध्यम से जुड़े रहे।

कलेक्टर ने कहा कि शासन के निर्देशानुसार 01 जून से ई-फाइल प्रणाली अनिवार्य रूप से लागू होगी तथा मैनुअल फाइल संचालन प्रतिबंधित रहेगा। सभी विभागों को इसका कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने कहा गया। बैठक में मुख्यमंत्री हेल्पलाइन योजना 1076 के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि नामित जिला एवं विकासखंड स्तरीय अधिकारियों का प्रशिक्षण बुधवार को सुबह 10:30 बजे कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित किया जाएगा। संबंधित अधिकारियों को अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर लंगेह ने सुशासन तिहार के तहत आयोजित शिविरों की समीक्षा करते हुए कहा कि जिले में अब तक 37 शिविर आयोजित किए जा चुके हैं। इन शिविरों में कुल 30 हजार 493 आवेदन प्राप्त हुए हैं। इनमें से 16 हजार 69 आवेदनों का निराकरण किया जाना है तथा 14 हजार 396 आवेदन लंबित हैं। उन्होंने सभी विभागों को गुणवत्तापूर्ण एवं समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करते हुए इस सप्ताह के भीतर लंबित प्रकरणों का निराकरण करने के निर्देश दिए।

बैठक में विद्युत अवरोध की स्थिति में आम नागरिकों को समय पर जानकारी उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया गया। कलेक्टर ने विद्युत विभाग को निर्देशित किया कि बिजली बंद होने की स्थिति में अवरोध के कारण एवं पुनः विद्युत आपूर्ति प्रारंभ होने का संभावित समय लोगों को अवश्य बताया जाए, ताकि आम जनता अनावश्यक परेशानी से बच सके। साथ ही अधिकारियों को फोन कॉल प्राप्त होने पर तत्काल रिस्पॉन्स देने के निर्देश भी दिए गए। बैठक में खेती बचाओ अभियान के संबंध में भी आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। कृषि विभाग के मैदानी अमले को गांवों में जाकर किसानों को जागरूक करने कहा गया। यह अभियान 01 जून से 30 जून तक संचालित होगा। उन्होंने किसानों को शासन द्वारा निर्धारित यूरिया एवं डीएपी खाद की मात्रा वितरण करने तथा खाद भंडारण का नियमित भौतिक सत्यापन करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने कहा कि नैनो यूरिया एवं प्राकृतिक खाद को भी प्रोत्साहित करने किसानों के लिए जागरूकता अभियान चलाएं, जो किसान यूरिया लेने सहकारी समितियों में पहुंच रहें हैं, उन्हें यूरिया प्रदान करें।




### मौसमी बीमारियों पर सतर्क रहने तथा आवश्यक अलर्ट जारी

स्वास्थ्य विभाग को आगामी बरसात को ध्यान में रखते हुए मौसमी बीमारियों पर सतर्क रहने तथा आवश्यक अलर्ट जारी करने कहा गया। लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग एवं नगरीय निकायों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। बैठक में प्रधानमंत्री स्वनिधि योजना अंतर्गत सभी नगरीय निकायों में लोक कल्याण मेला आयोजित कर अधिक से अधिक स्ट्रीट वेंडर्स को लाभान्वित करने कहा गया। पीएम सूर्य घर बिजली योजना के तहत अब महिला समूहों को भी जोड़ा जाएगा। इस संबंध में सभी ग्राम पंचायतों में व्यापक प्रचार-प्रसार करने के निर्देश दिए गए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में अब तक 3626 सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं। बैठक में मुख्यमंत्री घोषणाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करते हुए संबंधित विभागों को समयबद्ध कार्रवाई सुनिश्चित करने कहा गया। कलेक्टर ने राजस्व विभाग अंतर्गत विवादित एवं अविवादित प्रकरणों तथा स्वामित्व योजना की प्रगति की समीक्षा की। साथ ही बैठक में जन शिकायत, कलेक्टर जनदर्शन, पीजी पोर्टल एवं लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत प्रकरणों की समीक्षा की गई। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों को निर्देशित किया कि लंबित प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए।

# गांधी चौक में अव्यवस्थित पार्किंग से बढ़ी परेशानी

### गांधी प्रतिमा के सम्मान की रक्षा की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष माधव राव टांकसाले ने जिला प्रशासन और नगर पालिका से की कार्रवाई की मांग

शहर का गांधी चौक इन दिनों अव्यवस्थित कार पार्किंग की समस्या से जूझ रहा है। चौक के खड़ी होने वाली कारों के कारण आम नागरिकों और राहगीरों को आवाजाही में कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। चौक में अनियंत्रित पार्किंग के कारण यातायात व्यवस्था प्रभावित हो रही है और प्रतिमा स्थल की गरिमा भी कम हो रही है। इस समस्या को लेकर महासमुंद के पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष माधव राव टांकसाले ने जिला प्रशासन एवं नगर पालिका परिषद से मांग की है कि गांधी प्रतिमा परिसर के आसपास पार्किंग पर नियंत्रण के लिए आवश्यक कदम उठाए जाएं। उन्होंने कहा कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की प्रतिमा का सम्मान बनाए रखना हम सभी की जिम्मेदारी है। टांकसाले ने प्रशासन से प्रतिमा स्थल के आसपास को नो-पार्किंग क्षेत्र घोषित करने तथा आम नागरिकों की सुगम आवाजाही सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि गांधी चौक की गरिमा और यातायात व्यवस्था दोनों बनी रह सकें।

### जनपद उपाध्यक्ष हुलसी ने बढ़ाया मदद का हाथ



**महासमुंद।** ग्राम बेलसोंडा निवासी टेटकू बघेल के आकस्मिक निधन पर जनपद उपाध्यक्ष हुलसी जितेंद्र चंद्राकर ने मृतक के पुत्र देवेंद्र बघेल से मुलाकात कर उन्हें ढांढस बंधाया। और आगामी दशगात्र कार्यक्रम के सुचारू आयोजन के लिए व्यक्तिगत रूप से अन्न (राशन सामग्री) और नगद आर्थिक सहायता राशि प्रदान की। जनपद उपाध्यक्ष ने कहा कि एक जनप्रतिनिधि होने के नाते समाज के अंतिम व्यक्ति के दुख-सुख में भागीदार बनना उनका कर्तव्य है। इस दौरान उपस्थितजनों ने दिवंगत आत्मा की शांति तथा शोकाकुल परिवार को यह अपूरणीय क्षति सहन करने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की।

## माह नवंबर 2025 का खाद्यान्न वितरण शीघ्रता से सुनिश्चित किया जाएगा

**महासमुंद।** खाद्य विभाग के निर्देशानुसार खाद्य निरीक्षक बसना द्वारा ग्राम पंचायत देवरी स्थित शासकीय उचित मूल्य दुकान का निरीक्षण कर जांच की गई। जांच के दौरान दुकान संचालक, सहकारी समिति के प्रबंधक, सरपंच एवं ग्रामीण उपस्थित रहे। शासकीय उचित मूल्य दुकान का संचालन सहकारी समिति बड़ेढाबा के द्वारा किया जा रहा है। जिसके प्रबंधक मोदराम निषाद एवं विक्रेता भूपेंद्र बाघ है। जांच के दौरान नवंबर 2025 में 130 हितग्राहियों के राशन वितरण के संबंध में विक्रेता भूपेंद्र बाघ द्वारा बताया गया कि 3 नवंबर से 21 नवंबर 2025 तक सहकारी समिति के कर्मचारी हड़ताल पर थे तथा उस अवधि में उनके द्वारा दो शासकीय उचित मूल्य दुकान देवरी और छोटे पटनी का संचालन किया जा रहा था तथा दोनों दुकानों में 9 दिनों में वितरण का कार्य किया गया। जिसमें उचित मूल्य दुकान छोटे पटनी में पूर्णतः नवंबर का वितरण हो गया था तथा देवरी में नवंबर माह के अंतिम दिवसों में ई-पॉस मशीन में सर्वर की समस्या के चलते 130 हितग्राहियों का ई-पॉस में अंगूठा नहीं लग पाने के कारण वितरण नहीं हो पाया। विक्रेता द्वारा बताया गया कि वितरण अवधि बढ़ाने के लिए संबंधित कार्यालय को आवेदन भी भेजा गया था। ई-पॉस प्रणाली में नवंबर 2025 माह का वितरण विकल्प उपलब्ध नहीं होने के कारण शेष हितग्राहियों को राशन वितरण नहीं किया जा सका है।

### गुड़रूपारा तालाब में गंदगी ...



**महासमुंद।** शहर के गुड़रूपारा तालाब में पसरी गंदगी के लिए वार्डवासियों की मांग के बावजूद पालिका प्रशासन द्वारा कोई पहल नही की जा रही है। वार्ड के नागरिकों का कहना है कि मानसून आने के बाद तालाब में पानी भर जाएगा और सफाई नहीं हो पाएगी। उन्होनें तत्काल इस मामले में पालिका से त्वरित कार्रवाई और सफाई की मांग की है।

## निजी स्कूलों को रायपुर डिपो से पुस्तक वितरण का विरोध, संकुल स्तर से वितरण की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

- दो वर्षों के अनुभव का हवाला देते हुए प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन ने शासन से निर्णय पर पुनर्विचार की अपील की

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम द्वारा निजी विद्यालयों को पाठ्यपुस्तकों का वितरण रायपुर डिपो से किए जाने के निर्णय का प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन, जिला महासमुंद ने विरोध किया है। एसोसिएशन ने इस निर्णय को अव्यावहारिक बताते हुए इसे तत्काल वापस लेने और निजी विद्यालयों को भी शासकीय विद्यालयों की तरह संकुल स्तर से पुस्तकें उपलब्ध कराने की मांग की है।

एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष डॉ. जॉर्ज रावटे, ब्लॉक अध्यक्ष माधव राव टांकसाले तथा मंत्री राकेश श्रीवास्तव ने कहा कि पिछले दो वर्षों के अनुभव से यह व्यवस्था निजी विद्यालयों के लिए परेशानी का कारण बनी हुई है। उन्होंने बताया कि रायपुर डिपो में न तो बैठने की समुचित व्यवस्था है और न ही पेयजल जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध हैं। पदाधिकारियों ने कहा कि पुस्तकों को रायपुर से लाने का अतिरिक्त परिवहन खर्च भी विद्यालयों को स्वयं वहन करना पड़ता है, जिससे आर्थिक और प्रशासनिक बोझ बढ़ता है। उनका कहना है कि जब शासकीय विद्यालयों को पुस्तकों का वितरण स्थानीय संकुलों के माध्यम से किया जाता है, तो निजी विद्यालयों के लिए अलग व्यवस्था बनाए रखने का कोई औचित्य नहीं है। एसोसिएशन ने राज्य शासन और पाठ्यपुस्तक निगम से मांग की है कि निजी विद्यालयों को भी सरकारी स्कूलों की तरह संकुल स्तर से ही पाठ्यपुस्तकों का वितरण सुनिश्चित किया जाए, ताकि समय, श्रम और अतिरिक्त खर्च की बचत हो सके तथा विद्यालयों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े।

# सहकारी समितियों में खाद का पर्याप्त भंडारण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महासमुंद

खरीफ सीजन 2026 के मद्देनजर जिले में किसानों को समय पर उर्वरक उपलब्ध कराने के लिए प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह द्वारा प्रतिदिन खाद-बीज की उपलब्धता, भंडारण एवं वितरण की समीक्षा की जा रही है।

जिले की सहकारी समितियों तथा निजी उर्वरक विक्रेताओं के माध्यम से किसानों को खाद उपलब्ध कराया जा रहा है। जिला विपणन अधिकारी के अनुसार जिले के 159 सहकारी समितियों में खाद का भंडारण किया गया है तथा किसानों की मांग के अनुरूप निरंतर वितरण किया जा रहा है।

उन्होंने बताया कि खरीफ 2026 के लिए जिले को 60 हजार 850 टन रासायनिक उर्वरकों का लक्ष्य प्राप्त हुआ है। इसके विरुद्ध अब तक 16 हजार 294 टन से अधिक उर्वरकों का भंडारण किया जा चुका है, जो लक्ष्य का लगभग 26.78 प्रतिशत है। वहीं किसानों को अब तक 7 हजार 720 टन उर्वरक का वितरण किया जा चुका है। इनमें यूरिया 11 हजार 338 टन, डीएपी 1928 टन, एनपीके 449 टन एवं एसएसपी 1496 टन शामिल है। विभिन्न सहकारी समितियों में किसानों द्वारा खाद का उठाव किया जा रहा है। तोरेसिंहा सहकारी समिति बेलमुंडी अंतर्गत 108 किसानों को खाद का वितरण किया गया। गांव के किसान कमलेश ने बताया कि उन्हें 8 बोरी यूरिया और 3 बोरी डीएपी प्राप्त हुआ। वहीं गांव के किसान शरद और गुलाल ने आसानी से डीएपी और यूरिया मिलने की बात कही। कलेक्टर के निर्देश पर कृषि विभाग द्वारा लगातार उर्वरक कंपनियों से अतिरिक्त रैक प्राप्त कर भंडारण बढ़ाया जा रहा है। ताकि, खरीफ सीजन के दौरान किसानों को किसी प्रकार की परेशानी न हो। कलेक्टर ने कृषि विभाग के अधिकारियों को समितियों एवं निजी विक्रेताओं के यहां नियमित निरीक्षण के निर्देश दिए गए हैं। खाद की कालाबाजारी, जमाखोरी एवं अनियमित वितरण पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया है कि किसानों को निर्धारित दर पर गुणवत्तायुक्त उर्वरक उपलब्ध कराया जाए तथा मांग और आपूर्ति की दैनिक मॉनिटरिंग सुनिश्चित की जाए। जिला प्रशासन ने किसानों से अपील की है कि वे अधिकृत सहकारी समितियों एवं लाइसेंसधारी विक्रेताओं से पॉस मशीन से ही उर्वरक खरीदें एवं रसीद प्राप्त करें। किसी भी प्रकार की अनियमितता की जानकारी तत्काल कृषि विभाग को दें।

